Regarding alleged law and order situation in Bihar

श्री राजेश रंजन **(पूर्णिया) :** सर, बिहार में लगातार पुलिस के द्वारा लाठी चलाना, माफियाओं के द्वारा जुल्म और अपराधियों के द्वारा लगातार जनता को परेशान किया जा रहा है । हमारे ही संसदीय क्षेत्र में एक 16 साल की बेटी को जबरदस्ती उठाकर लेकर चले गए । सासाराम के सांसद मनोज राम जी को घेरकर जाति के आधार पर? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** यह राज्य का विषय है । आप तो इतने वरिष्ठ हैं, 5 बार के एमपी हैं ।

श्री राजेश रंजन **:** हुजूर, हम आपसे तो संरक्षण चाहेंगे ।

माननीय सभापति **:** संरक्षण तो हम दे ही रहे हैं ।

श्री राजेश रंजन **:** हुजूर, मेरा सिर्फ इतना कहना है कि एक तरफ हमारे सांसद पर जानलेवा हमला, दूसरी तरफ हमारे मस्जिद के मौलाना पर पुलिस के द्वारा जानलेवा हमला, तीसरी तरफ मुजफ्फरपुर के थाने में पुलिस के द्वारा छात्रों से मारपीट की गई ।

माननीय सभापति **:** आप एक साथ कितने विषय उठाएंगे?

श्री राजेश रंजन **:** लगातार मोबलिंचिंग की जा रही है, 39 मोबलिंचिंग हुई हैं ।

माननीय सभापति **:** एक विषय उठाया जाता है । चार-चार विषय नहीं उठाये जाते हैं ।

श्री राजेश रंजन **:** छात्रों पर लगातार लाठीचार्ज होना । अपराध और माफियाओं का जुल्म, नेक्सस बढ़ गया है । मैं माँग करता हूँ कि बिहार में अपराध के नेक्सस को रोका जाए । पुलिसिया जुल्म को रोका जाए । यह मेरा आपसे आग्रह है ।